हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

10 औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, सीवरेज को शीघ्रता से ठीक करवाया जाए



10 समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाना लक्ष्य



## खबर संक्षेप

### 505 ग्राम चरस के साथ बाइक सवार दो दबोचे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव बुढाखेड़ा से खरकगागर रोड पर बाइक सवार दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 505 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### अपहरण के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस

**कैथल।** जिले के एक गांव से अज्ञात आरोपियों ने एक लडकी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 18 दिसंबर को अज्ञात आरोपी उसकी लडकी का अपहरण कर ले गए। आरोपियों ने लडकी को कहीं छुपाकर रखा है। जांच अधिकारी रामपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नगदी चोरी

**जींद।** इम्पलायज कालोनी में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इम्पलॉयल कालोनी निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश कुछ समय के लिए बाहर चला गया था। लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था।

### फिरोजपुर में पराली की गांठों में लगाई आग

**कैथल।** गांव फिरोजपुर में तीन आरोपियों ने एक किसान के खेत में रखे पराली के गांठों में आग लगा दी। गांव के सतपाल ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 11 दिसंबर को रात के समय आरोपी रवि, बंसी व आसिब खान ने उसके खेत में रखे पराली के गांठों में आग लगा दी। उसे हजारों का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, मामला दर्ज

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने सट्टा खाईवाल करते एक युवक को काबू किया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि आर्दश कालोनी निवासी शुभम सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुभम को काबू कर लिया।

### दो मामलों में दो विवाहिता लापता, मुकदमा दर्ज

**कैथल।** दो अलग-अलग मामलों में दो विवाहिताएं बिना बताए घर से चली गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने दोनो मामलों में लापता का केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में शहर के एक कॉलोनी निवासी युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 16 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे 20 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई।

### बकाया पैसे लेने पहुंचे युवक पर किया हमला

**जींद।** गांव बरहा कलां मे बकाया रुपये लेने पहुंचे युवक पर चाकू से हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जोच कर रही है। बराह कलां निवासी सुमित ने शिकायत में बताया कि वह तेल टैंकर चलाता है। गांव के राजकिशन को पट्रोल पंप मालिक से डीजल की राशि को लेकर विवाद हो गया।

### एटीएम कार्ड बदलने का दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** राजौंद एटीएम से एक व्यक्ति से धोखाधड़ी से एटीएम कार्ड बदलने के मामले की जांच थाना राजौंद पुलिस के एएसआई जगबीर सिंह द्वारा करते हुए आरोपी जिला भिवानी के बवानी खेड़ा निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अब नही रुकेंगे नागरिक अस्पताल के जेनरेटर सेट, कैमरे और लिफ्ट

## बिजली उपकरण रखरखाव के लिए अस्पताल को मुख्यालय से मिला 32 लाख 41,693 रुपये का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बजट के अभाव में पिछले काफी समय से अहम सुविधाएं बंद थी। जिनमें अस्पताल में लगी तीसरी आंख (सीसी टीवी कैमरे) बंद थे। हालांकि जेनरेटर सेट व लिफ्ट जैसे-तैसे चल रहे थे। इन्हें सुचारू रखने के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगातार स्वास्थ्य मुख्यालय से बजट की मांग की जा रही थी। इसके अलावा बिजली उपकरणों के रखरखाव को लेकर भी डिमांड भेजी गई थी। बजट न मिल पाने के चलते मरम्मत का कार्य भी नहीं हो पा रहा था। अब अस्पताल प्रशासन को 32 लाख 41,693 रुपये का बजट मिल गया है। हालांकि यह बजट इसी वर्ष का मिला है। मार्च के बाद अगले वर्ष का बजट मांगा जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में लिफ्ट लगी हुई हैं। जिसका प्रयोग मरीज ग्राऊंड फ्लौर से लेकर तीसरे फ्लौर तक आप्रेशन थियेटर तक जाने के लिए करते हैं। इसके अलावा जैनरेटर सेट तथा कैमरे भी लगे हुए हैं। इन सभी उपकरणों की वार्षिक मरम्मत के लिए एक कंपनी से अनुबंध किया हुआ है। वर्ष 2023 के रखरखाव के लिए अस्पताल प्रशासन को बजट नहीं मिला था। इसके बावजूद कंपनी काम कर रही थी। दो महीने पहले कंपनी को बजट नहीं मिला थाए इसलिए उसने काम करना बंद कर दिया था।

अब स्वास्थ्य विभाग ने यह बजट पीडब्ल्यूडी बीएंडआर को भेज दिया है। अब बजट मिलने के बाद सभी उपकरणों की मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा। अभी तक नागरिक अस्पताल की लिफ्ट व जेनरेटर सेट सही तरीके से काम कर रहे हैं, अभी तक इनमें कोई खराबी नहीं आई है लेकिन अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए थे। सीसीटीवी कैमरे बंद होने से भी काफी परेशानियां आ रही थी। यदि किसी मरीज के साथ कोई अनहोनी हो जाए, बाइक चोरी हो जाए या किसी मरीज का पर्स गुम हो जाए, तो सीसीटीवी कैमरे इसमें काफी मदद कर सकते हैं लेकिन फिलहाल कैमरे बंद होने से समस्या आ रही है।



जींद। नागरिक अस्पताल में रखा जेनरेटर सेट। फोटो :हरिभूमि

### सीसीटीवी जल्द ठीक करवाए जाएंगे

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल को 32 लाख 41,693 रुपये का बजट मिला है। यह बजट पीडब्ल्यूडी बीएंडआर को भेज दिया है। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे बंद हैं, जिन्हें जल्द ठीक करवाया जाएगा। इसके पीडब्ल्यूडी से यह पूछा गया है कि उन्होंने वार्षिक रखरखाव में क्या काम किया और उसका कितना खर्च आया। स्वास्थ्य निदेशालय से लगभग 65 लाख रुपये के बजट की बिजली उपकरणों की वार्षिक रखरखाव के लिए मांग भेजी है।

## सरकार ने मांग नही मानी तो आढ़तियों ने बंद का ऐलान किया

# मार्केट फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में सब्जी मंडी आज रहेगी बंद

## मार्केट फीस में दो से बढ़ाकर किया 40 फीसदी इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मार्केट फीस बढोत्तरी के विरोध में बुधवार को आढ़तियों ने हडताल पर जाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते सब्जी मंडी बंद रहेगी। मंडी में सब्जियों तथा फलों की कोई खरीद फरोख्त नही होगी। जिससे सब्जी उत्पादक किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आढ़तियों का कहना है कि अगर सरकार ने बढ़ी फीस को वापस नहीं लिया तो लाइसेंस सरेंडर करना उनकी मजबूरी होगी। सब्जी मंडी आढ़तियों की हडताल से मार्केट कमेटी राजस्व का नुक्सान होगा वहीं सब्जी उत्पादक किसानों के साथ-साथ सब्जी की रेहड़ी, फड़ी का काम करने वालों तथा आमजन को भी परेशानी का सामना करना पडेग़ा। आढ़तियो का कहना है कि वर्ष 2014 से 2020 तक कोई मार्केट फीस नहीं थी। वर्ष 2020 में सरकार ने आढ़तियों से एक फिसदी मार्केट फीस तथा एक फिसदी हरियाणा ग्रामीण विकास निधि के लिए लेना तय किया था। उस समय कारण कोविड बताया था। अब सरकार ने एक अक्टूबर से मार्केट फीस में 40 प्रतिशत बढ़ोत्तरी कर दी है। 13 दिसंबर को मार्केट फीस खत्म करने को लेकर हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक से आढ़तियों का प्रतिनिधि मंडल मिला था लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। एक अप्रैल 2024 से सब्जी मंडी के आढ़तियों से एडवांस फीस भरवाने तथा हर साल दस फीसदी बढोत्तरी की अधिसूचना जारी की गई है। जो सरासर गलत है। सब्जी मंडी से हर साल लगभग सवा करोड़ का मिलता है राजस्वः जींद सब्जी मंडी से हर साल मार्केट कमेटी को लगभग सवा करोड़ का राजस्व दोनों मदों से मिलता है। औसत रूप से हर रोज दोनों मदों से मार्केट कमेटी को सब्जी मंडी से लगभग 50 से 60 हजार का राजस्व मिलता है। आढ़तियों द्वारा सब्जी मंडी बंद करने से सरकार को तो राजस्व का चूना लगेगा ही साथ मे सब्जी उत्पाक किसानों को भी परेशानी का सामना करना पडेग़ा। शहर तथा आसपास के दर्जनभर गांवों के किसान सब्जी मंडी में अपनी सब्जी बेचने आते हैं। कुछ किसान ऐसे भी हैं जो मजदूरी पर सब्जी तुडवाते हैं। सब्जी मंडी बंद होने के कारण किसान सब्जी मंडी में अपनी फसल नहीं ला पाएंगे। जो मजदूरी सब्जी उत्पादक किसानों से जुडे.हैं। उन्हें भी काम नही मिल पाएगा। सब्जी मंडी बंद होने पर किसानों के पास बाहर सब्जी बेचने का ऑप्शन बचता है। वैसे आढ़तियों ने किसानों को 20 दिसंबर को सब्जी मंडी मे ना लाने की अपील की है।



जींद। सब्जी मंडी में सब्जी बेचते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सरकार की होगी जिम्मेदारी

सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मोहित गुंबर ने बताया कि मार्केट फीस बढाने के विरोध में विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक से मिले थे लेकिन उन्होंने आढ़तियों ने कोई बात नहीं सुनी। जिस पर 20 दिसंबर को सब्जी मंडी बंद करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो सब्जी मंडियों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदार सरकार होगी।

### सरकार लेगी निर्णय

मार्केट कमेटी के सचिव संजीव जांगडा ने बताया कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने मार्केट फीस को लेकर नई स्लैब बनाई है। आढ़तियों ने मांग पत्र सौंपा था। जिसे सरकार के पास भेज दिया था। निर्णय सरकार को लेना है।

### एडवांस नोटिफिकेशन के विरोध में हड़ताल का ऐलान

**कैथल।** बुधवार को सब्जी मंडी आढ़तियों ने सरकार द्वारा भेजे गए एडवांस नोटिफिकेशन के विरोध में हड़ताल करने का ऐलान किया है। आढ़तियों ने फैसला लिया है कि सब्जी मंडी के अंदर व बाहर कोई भी सब्जी विक्रेता सब्जी नहीं बेचेगा। सब्जी मंडी के प्रधान वीरेंद्र सतीजा ने कहा कि सरकार ने सब्जी मंडी के आढ़तियों पर एडवांस लेने के लिए नोटिफिकेशन भेज दिया है। आढ़तियों ने जो माल बेचा ही नहीं है, आढ़ती उसका कैसे एडवांस देंगे। जिसका विरोध पूरे हरियाणा में किया जा रहा है। बुधवार को आढ़तियों की एक दिवसीय हड़ताल है। यदि सरकार ने नोटिफिकेशन को वापस लेने का फैसला नहीं लिया तो भविष्य में आढ़ती सब्जी मंडी का अनिश्चितकालीन समय के लिए हड़ताल कर सकते हैं।



जीद। बैठक कर रोष जताते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

# डॉक्टरों ने काले बिल्ले लगाकर जताया विरोध

- लंबे समय से मांगे पूरी न किए जाने पर जताया रोष, आज सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी चिकित्सकों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा न किए जाने के रोष स्वरूप मंगलवार को काले बिल्ले लगा कर काम किया। रोष जताने से पहले डिप्टी एमएस कार्यालय में चिकित्सकों की बैठक हुई। यूनियन के प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप विभिन्न जिलों में विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ कैडर के तत्काल कार्यान्वयन करने की आवश्यकता है। एसोसिएशन आईएचआईपी मानदंडों के अनुसार प्रवेश वेतन प्रगति और पदों के सृजन के साथ एसीपी के साथ सेवारत विशेषज्ञ डॉक्टरों की वरिष्ठता को 2, 6 और 13 साल तक बनाए रखने का प्रस्ताव करता है। बुधवार को उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। अगर उनकी मांगे नही मानी गई तो 27 दिसंबर को ओपीडी में सेवाओं को बंद करेंगे व 29 दिसंबर को ओपीडी व इमरजेंसी दोनों सेवाओं को बंद किया जाएगा।

### विशेषज्ञों की कमीः भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि विशेषज्ञों की कमी के कारण चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होती हैं, जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक करोड़ की वर्तमान बांड राशि और उससे जुड़ी शर्तें डॉक्टरों पर वित्तीय बोझ पैदा करती हैं। डा. संदीप लोहान ने कहा कि मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से विकलांग डॉक्टरों के लिए पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बिना किसी बंधक आवश्यकता के बांड राशि को घटा कर 50 लाख किया जाए। क्योंकि इस परिस्थिति का समाधान करने में विफलता के परिणामस्वरूप सरकारी सेवा से युवा डॉक्टरों का मनोबल गिर सकता है और संभावित सरकारी जॉब को छोड़ने का रुझान बढ़ सकता है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती बंद की जाए।

# हत्या के दोषी को 5 वर्ष की कैद

- दोषी को कोर्ट ने 50,000 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एक अदालत ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी को 5 साल के कठोर कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने नहीं देने पर 5 महीने की साधारण कैद भुगतनी होगी। इस बारे में मृतक के पुत्र अनिल निवासी गांव कुतुबपुर ने थाना सिटी में 3 नवंबर 2020 को आईपीसी की धारा 302, 34 के तहत एफआईआर नंबर 421 दर्ज करवाई थी। स्टेट की ओर से केस की पैरवी कर रहे डीडीए सुखदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अनिल के पिता सुभाष ने उसे बताया था कि 30 अक्तूबर 2020 को सुभाष व रामप्रसाद निवासी कैथल सांय के समय रामप्रसाद के मोटरसाईकिल पर गांव कुतुबपुर से खेत में जा रहे थे।

जब सांय 6.30 बजे वे गांव सिल्ला खेड़ा के अंदर पास के नजदीक पहुंचे तो एकदम सामने से उनके खेतों का पड़ोसी गुलाब अपने मोटरसाईकिल का कट मारकर गुजरने लगा। फिर गुलाब ने अपनी मोटरसाईकिल रोक ली। इस पर सुभाष व रामप्रसाद ने गुलाब को कहा कि मोटर साईकिल ध्यान से चलाओ। गुलाब ने कहा कि मैं तुम्हें पंगा लेने का मजा चखाता हूं और पास खड़े ट्रक में से लोहे की रॉड लेकर आया। उसने अपने दोस्त खुशी व अन्य दो लडकों को भी मौके पर बुला लिया। गुलाब ने आते ही सुभाष को जान से मारने की नियत से लोहे की रॉड़ उसके पेट में मारी जिससे वह जमीन पर गिर गया। खुशी ने भी सुभाष के पेट में लोहे की रॉड मारी। रामप्रसाद उसको छुड़ाने लगा तो सभी ने रामप्रसाद को भी पीटा। शोर सुनकर वहां राहगीर इकट्ठे होने लगे तो हमलावर धमकी देकर वहां से भाग गए।



### नकली डीएपी बेचने वाला विक्रेता दबोचा

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने नकली डीएपी बेचने के आरोपित उचाना के खाद बीज विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने ही नकली खाद को अन्य को स्पलाई किया था। आरोपित नकली खाद को कहां से लेकर आता था। इस कार्य में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके बारे मे आरोपित से पुलिस पूछताछ कर रही है। नरवाना के कृषि उपमंडल अधिकारी बलजीत ने गत 31 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव फैरण कलां निवासी नरेंद्र ने शिकायत देकर बताया था कि उसके पास नकली डीएपी खाद पहुंचा है। खाद का आसपास के अन्य गांव में भी स्पलाई किया गया है। जिसे गांव हथो निवासी जितेंद्र ने स्पलाई किया है। उनके पास से 51 कट्टे डीएपी के मिले। गांव कर्मगढ़ निवासी किसान रोहताश के घर से 25 कट्टे, गांव हथो निवासी किसान सुरेंद्र तथा मेवा के यहां 34 कट्टे मिले थे। छानबीन में सामने आया था कि जितेंद्र उचाना के खाद विक्रेता जगवंत से खाद लेकर आया था। टीम ने जगवंत की दुकान पर 104 कट्टे खाद मिले थे।

# रैली को सफल बनाने का संकल्प

- कैथल में पेंशन बहाली संघर्ष समिति की ब्लॉक स्तरीय मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पेंशन बहाली संघर्ष समिति ब्लॉक कैथल की बैठक सिंचाई विभाग कैथल में जिला प्रधान सुरेंद्र माजरा की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन ब्लॉक प्रधान रामफल शर्मा ने किया । बैठक में सभी विभागों संगठनों पदों के कर्मचारी शामिल हुए। सभी साथियों ने मिलकर 11 फरवरी जींद की रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। सुरेंद्र माजरा ने कहा कि पश्चिम बंगाल यदि पुरानी पेंशन दे सकता है तो हरियाणा क्यों नहीं दे सकता। आज हरियाणा का कर्मचारी जागरूक है और ज्यादा दिन पुरानी पेंशन के बिना नहीं रहेगा।

रामफल शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी को जींद में कर्मचारी परिवार सहित पहुंचेंगे। पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने हजारों लाखों कर्मचारियों के साथ सरकार के सामने बात रखी है। पंचकूला में लाठी डंडे आंसू गैस के गोले और पानी की बौछारें सहन की है। हरियाणा एक समृद्ध राज्य होने के बावजूद भी यदि कर्मचारियों को एक पेंशन नहीं दे सकता तो किस प्रकार मंत्री और एमएलए एमपी को चार-चार पेंशन और इतने बड़े-बड़े भत्ते दे सकता है । एक देश दो विधान हरियाणा के कर्मचारी और हरियाणा की जनता सहन नहीं करेगी।



कैथल। बैठक करते पेंशन बहाली संघर्ष समिति के अधिकारी व कर्मचारी।

## स्नेचिंग व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए करें गश्तः एसपी

# बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारी होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसपी उपासना की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग दौरान एसपी द्वारा जिला के सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारियों को उचित दिशा निर्देश दिए । इस दौरान एसपी उपासना ने कहा कि सर्दी के मौसम में स्नैचिंग व चोरी की वारदातों पर कारगर अंकुश लगाने के लिए सभी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को पूर्ण जागरूकता के साथ करें। बैठक में डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह, डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी अमित, डीएसपी एईसी ललित , साइबर सैल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह, एसपी प्रवाचक एएसआई रामपाल, सीआईए-वन व टू प्रभारी तथा जिला के सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया बैठक दौरान एसपी ने पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी थाना प्रबंधक व डीएसपी सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ पुलिस कर्मचारी व अधिकारी संजीदगी पूर्वक कर्तव्यपालना करे, अन्यथा उनके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। काम में रुचि ना लेने वाले अनुसंधान अधिकारियों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी, परंतु बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।



कैथल। एसपी उपासना पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

### मुहिम को सफल बनाएं

एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर, पैरोल जंपर व अवैध असला-अमुनेशन बरामद करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके दौरान इस प्रकार के अधिकाधिक अपराधियों को पकडकर मुहिम को सफल बनाएं।

# जांच कमेटी ने शिक्षा विभाग को सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के भूना के पीएम श्री राजकीय वमवि के प्रधानाचार्य द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में यौन उत्पीड़न जांच कमेटी ने शिक्षा विभाग को रिपोर्ट सौप दी है। पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है, इसलिए इस कमेटी ने रिपोर्ट को लेकर जांच की कोई जानकारी नहीं ली है। बता दें कि इस मामले में शिक्षा विभाग की तरफ से यौन उत्पीड़न जांच कमेटी का गठन किया था। इसमें छह सदस्य शामिल थे। इसमें कमेटी की अध्यक्ष प्रधानाचार्या बिमला सिरोही, स्टेट अवार्डी सुदर्शन शर्मा, सुधा सरदाना, सुमन तंवर, कविता रानी और संबंधित गांव में जिला पार्षद को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद इस कमेटी ने शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिन तक स्कूल में पहुंचकर अन्य छात्राओं के बयान दर्ज किए थे।

### निदेशालय करेगा कार्रवाई

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र चौधरी ने बताया कि यौन उत्पीड़न जांच कमेटी की तरफ से की गई जांच के बाद कमेटी ने जांच रिपोर्ट सौंप दी है। इसे विभाग के निदेशालय में भेज दिया गया है। अब आगामी कार्रवाई भी निदेशालय की तरफ से की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आर्य समाज का वैदिक सत्संग 31 दिसंबर को

**सफीदों ।** आर्य समाज सफीदों के प्रधान यादविंद्र बराड़ ने बताया कि आर्य समाज सफीदों का मासिक वैदिक सत्संग आगामी 31 दिसंबर को नगर के आर्य समाज मंदिर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सुबह विशाल हवन होगा। उसके उपरांत बिजनौर (उत्तरप्रदेश) से पहुंचकर भजनोपदेशक योगेश दत्त आर्य अपने भजनों के माध्यम से आर्य समाज की अलख जगाएंगे।

### रोजगार मेले का आयोजन 22 को

**नरवाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 22 दिसंबर को जय भारत मारुती गुरुग्राम कंपनी के द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल कुमार गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि ये कंपनी ऑटो मोबाइल क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी हैं जिसके द्वारा संस्थान में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### बिजली निगम के स्टोर से सामान चारी

**जींद।** बिजली निगम उझाना के स्टोर से एल्यूमीनियम के तार तथा स्क्रैप गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर बिजली निगम के दो अनुबंध पर लगे एएलएम समेत चार लोगों के खिलाफ गबन का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी है।

### 23 को एक मिनट एक साथ गीता पाठ होगा

**सफीदों ।** राष्ट्रीय कीर्ति आह्वान समिति के राष्ट्रीय संयोजक, जीओ गीता के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एवं हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने कहा कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सद्प्रेरणा से संपूर्ण सफीदों उपमंडल के आगामी 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एक मिनट एक साथ गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा।

### दिखाई जजपा को उसकी हकीकत : हरेंद्र सिंह

**जींद ।** भाजपा जिला महामंत्री एवं उचाना जोन प्रभारी हरेंद्र सिंह ने कहा कि जो हालात जजपा के राजस्थान में हुए है उससे बुरे हालात हरियाणा में जब विस चुनाव होंगे तब होंगे। राजस्थान की विस का ताला जेजेपी की चॉबी से खुलने के बयान जजपा नेता दे रहे थे। राजस्थान के चुनाव ने जजपा को उसकी हकीकत दिखा दी है। प्रदेश की जनता भी बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है ताकि प्रदेश में भी जजपा को उसकी हकीकत दिखा सकें।

### समाज सेवी सुरेंद्र गर्ग को किया सम्मानित

**उचाना।** प्रमुख समाज सेवी एवं मार्केट कमेटी पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग को जय मां बनभौरी सेवा समिति उचाना द्वारा माता भ्रामरी की फोटो देकर सम्मानित किया गया। निरंतर सामाजिक कायारें के साथ-साथ समाज सेवी में सुरेंद्र गर्ग अग्रणी रहते है। उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर जीणार्ेद्धार, खाटू श्याम में उचाना की बनने वाले धर्मशाला सहित अन्य सामाजिक कायारें में वो बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

### मनी छातर बने जजपा के जिला उप प्रधान

**उचाना।** जजपा द्वारा घोषित की गई जिला कार्यकारिणी में उचाना हलके के कई कार्यकर्ताओं को जगह दी गई। महाग्राम छातर के मनी छातर को.जिला उप प्रधान मनोनित किया गया। जिला उपप्रधान ने कहा कि हलके से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा।

### 60 बेसहारा महिलाओं को गर्म वस्त्र वितरित

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जिला जींद द्वारा बढ़ती सर्दी को देखते हुए रोहतक रोड स्थित महिलाओं के वृद्धाश्रम में जाकर सभी 60 बेसहारा महिलाओं को गर्म कपड़े बांटे गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल की माता मूर्ति देवी ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की।

---

## अतिरिक्त उपायुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, सीवरेज को शीघ्रता से ठीक करवाया जाए

**अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में सभी एचएसआईडीसी से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने मंगलवार को अपने कार्यालय में एचएसआईडीसी विभाग की 42वीं जिला स्तरीय क्लीयरेंस एवं कष्ट निवारण समिति से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में सभी एचएसआईडीसी से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र जींद में मूलभूत सुविधाओं सडक़, सफाई, सीवरेज आदि को शीघ्रता से ठीक करवाया जाए। उनके पास आए आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करें ताकि औद्योगिक क्षेत्र का जिला में अधिकाधिक विकास हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस समस्या का जिला स्तर पर समाधान हो सकता है, उनका जिला स्तर एवं अपर स्तर की समस्याओं को मुख्यालय भेज कर तुरंत उनका निदान करवाया जाए। बैठक में कैनरा बैंक की रीजनल अधिकारी सुनीता ने बैंक द्वारा औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ाने के लिए दी जाने वाली ण एवं सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



जींद। औद्योगिक क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### एडीसी ने की इलेक्ट्रिक रिक्शा पर बैठ किया निरीक्षण

उन्होंने बताया कि बैंक औद्योगिक क्षेत्र में अस्पताल, नर्सिंग, पैथोलोजी लैब, फिजियोथैरेपी सैंटर के लिए अधिकतम पांच करोड़ का ण दिया जाता है। ई-रिक्शा, स्कूली बैंच आदि समान बनाने वाली कंपनी का निरीक्षण किया और इलेक्ट्रीक रिक्शा में बैठे। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में 24 घंटे एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं बिजली कर्मचारी की डयूटी लगाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

### औद्योगिक क्षेत्र में फैली गंदगी, सफाई के दिए आदेश

बैठक से पूर्व सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त ने जींद के औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया और वहां सुविधाओं एवं समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरे के दौरान उन्होंने लैदर कैमिकल फैक्टरी, अंकुर स्टील इंडस्ट्री सहित आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया और वहां पर फैली गंदगी को देख कर एचएसआईडीसी के एसडीओ को तुरंत प्रभाव से उसे साफ करवाने के निर्देश दिए। बैठक में कुमारी अदिति एचसीएस, सीनियर मैनेजर सुमित कुमार, बलराम, कर्मजीत सिंह, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पैक्टर अमित कुमार, एसएसआईडीसी के दरियाव सिंह, सुमनवती, कार्यकारी अभियंता हेमंत कुमार, जिला के औद्योगिक क्षेत्र के सुमित कुमार, प्रदीप कुमार, संजय जैन, राकेश जैन ऑयल कंपनी, विनोद राठी ने भाग लिया।



जींद। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ इलेक्ट्रिक रिक्शा में बैठकर निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। कांग्रेस पार्टी में शामिल होते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# कई लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

- रघुबीर भारद्वाज के प्रयास से जींद में रणदीप सुरजेवाला के कंधों को कर रहे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघुवीर भारद्वाज द्वारा जींद में अथक मेहनत के कारण भाजपा-जजपा पार्टी को छोड़कर लोग कांग्रेस पार्टी ज्वायन कर रहे हैं। इसी क्रम में गतदिवस रघुवीर भारद्वाज के प्रयासों से एआईसीसी ऑफिस दिल्ली में अनेक लोगों ने हरियाणा की बदहाली मिटाने व भाजपा-जजपा सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। रणदीप सुरजेवाला ने सभी साथियों को कांग्रेस का पटका पहना कर उनका स्वागत किया व सभी साथियों को पूरा मान सम्मान देने का वादा भी किया। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने रघुवीर भारद्वाज की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हम सभी साथ मिल कर एक नए हरियाणा व जींद का निर्माण करेंगे। जिसमें सिर्फ विकास, प्रगति, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, रोजगार व खुशहाली का ध्यान हो। साथ मिलकर भाजपा जजपा की तानाशाही नीतियों के खिलाफ लड़ेंगे भी और जीतेंगे भी। कांग्रेस में शामिल हुए सभी साथियों सहित रघुवीर भारद्वाज ने कहा कि आज देश व प्रदेश का किसान, नौजवान, मजदूर अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। हरियाणा की सत्ता पर काबिज भाजपा व जजपा पार्टी ने हरियाणा की जनता के साथ विश्वासघात किया है। चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए व बाद में एक दूसरे की गोदी में जाकर बैठ गए। आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महगांई अपार है। साढ़े नौ सालों में हरियाणा व जींद जिला 50 साल पीछे चला गया है। जींद व हरियाणा को एक बार फिर कांग्रेस पार्टी व रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व की जरूरत है, तभी विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों, आढ़ती, दुकानदार व गरीबों की भलाई सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी व रणदीप सुरजेवाला के हाथों में ही सुरक्षित है।

---

# राजकीय स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

- 18 स्कूलों के 113 छात्रों ने लिया भाग

जुलाना कस्बे के राजकीय कन्या स्कूल में खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता स्वीटी रंगा की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के 113 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मॉडल मेकिंग, रोल प्लेए पेंटिंग आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए पिंकी राठी ने कहा कि छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में मॉडल मेकिंग में जुलाना के कन्या स्कूल की छात्रा तन्नु ने प्रथम, झमोला गांव के हर्ष ने दूसरा और करेला गांव की छात्रा दीक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले में जुलाना के कन्या स्कूल की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम और दूसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में बुआना गांव की किरन ने प्रथम, जुलाना के कन्या स्कूल की छात्रा शिवानी ने दूसरा और किनाना गांव की छात्रा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सुषमा, सीमा, सुभाष, शलेंद्र आदि मौजूद रहे।



जींद। राजकीय कन्या स्कूल में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते छात्र।

### एकजुट होकर काम करने का आह्वान

**नरवाना।** मंगलवार को दोपहर बाद कांग्रेस नेता जय प्रकाश जेपी? पहुंचे सतपाल धतरवाल के निवास प्रेम नगर नरवाना में। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा सभी एकजुट होकर काम करें और इस भ्रष्ट गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें। संसद में हुई घटना के बारे में बात करते हुए कहा जब एक सांसद के घर से पैसे बरामद हुए थे तब जेपी नड्डा मिडिया में बार-बार चिल्ला रहे अब एकदम चुप्पी क्यों साधे हैं अब ब्यान इस चूक बारे में क्यों नहीं देते। उनके साथ पहुंची सोनिया दून ने कहा कि यह घटना है तो ग़लत लेकिन बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा तो ऐसी घटनाएं होती रहेगी।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर की इकाई शुरू

- एसीसी कैडेट्स के लिए हुआ ट्रायल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की इकाई की शुरुआत की गई है। इस कड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर विभाग द्वारा बच्चों के लिए इनरोलमेंट कराए गए। स्टूडेंट्स का ट्रायल टेस्ट का आयोजन किया गया। इस ट्रायल टेस्ट में 113 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस ट्रायल टेस्ट में 800 मीटर रेस तीन मीटर लंबी कूद और एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन मापदंडों के अनुसार ही बच्चों का राष्ट्रीय कैडेट कोर में चयन किया जाएगा। इस आयोजन में राष्ट्रीय कैडेट कोर की तरफ से राष्ट्रीय कैडेट कोर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनुराग मेहरा, सूबेदार सुरेंद्र, हवलदार कुलदीप और मदन थापर 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद ने शिरकत की। सीआरएसयू में एनसीसी विंग के केयरटेकर डा. सुनीति ने बच्चों को राष्ट्रीय कैडेट कोर का जीवन में होने वाले फायदों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एनसीसी केडेट्स को अग्निवीर योजना में बोनस अंक दिए जाते हैं। इसके साथ भारतीय सेना की ओर से हर साल एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।



जींद। सीआरएसयू में एनसीसी के लिए लिखित परीक्षा देते हुए।

---

# 55 छात्रों के बनाए यूडीआईडी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीपीसी कार्यालय में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों की जांच के लिए मेडिकल शिविर लगाया गया। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरक्त कर शिविर का शुभारंभ किया। इसमें 55 दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट, यूडीआईडी, रेल पास, बस पास व अन्य सहायक उपकरण दिव्यांग बच्चों को दिए गए। इस शिविर में सफीदों खंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हुए। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डा. संतलाल ने शामिल होकर निरीक्षण किया। डीपीसी कार्यालय में शिविर 23 दिसबंर तक जारी रहेंगे। इसमें जिले के हर खंड से अलग.अलग दिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए शामिल होंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी शामिल होकर दिव्यांग विद्यार्थियों को जरूरत के अनुसार उपकरण देंगे व उनके कार्ड बनाएंगे। प्रत्येक दिव्यांग छात्र की यूडीआईडी मेडिकल शिविर के दौरान ही प्रदान किए जा रहें है।

# बडनपुर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

- पांच विषयों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एससीईआरटी गुरुग्राम के द्वारा आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में किया गया। जिसमें बच्चों की विज्ञान में रुचि बढ़ाने के लिए पांच विषयों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसमें पूरे उचाना खंड से 50 से 'यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया कम्युनिकेशन तथा ट्रांसपोर्ट में कार्तिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमन ने हेल्थ और विजय, अंकुश ने लाइफ विषय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मनीष ने कम्युनिकेशन एवं ट्रांसपोर्ट तथा कमल ने एग्रीकल्चर सब थीम में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी के साथ-साथ विद्यालय की छात्रा अनीशा ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य संजय चौधरी ने विद्यार्थियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने साइंस पढ़ने वाले एकता आर्य सुमेश रानी राजकुमार राजेश जनार्दन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



जींद। सभी विद्यार्थीयों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। राजगढ़ गांव में बच्चों को सम्मानित करते गौरव भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

### राजगढ़ व देशखेड़ा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जुलाना ।** जुलाना क्षेत्र के राजगढ़ और देशखेड़ा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लाभार्थी योजना के सोशल मीडिया प्रभारी गौरव भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए गौरव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद तक सरकार की सुविधा पहुंचे और अगर किसी ग्रामीण को कोई परेशानी है तो अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समस्या का समाधान किया जाता है। ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। इसके लिए हर गांव में विकसित भारत यात्रा पहुंच रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोटी जैसी मूलभूत सुविधाएं देश के प्रत्येक नागरिक को मिलेगी, देश के प्रत्येक नागरिक का प्रधानमंत्री के ऊपर कर्ज है।

---

## दुर्जनपुर, उदयपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाना लक्ष्य

- विकसित देश बनाने में हर नागरिक का योगदान : हरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सांसद बृजेंद्र सिंह के प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर-द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के क्रियान्वयन के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। सोमवार को दुर्जनपुर, उदयपुर गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता बीडीपीओ अक्षयदीप सिंह ने की। हरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है।



जींद। उज्जवला योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को दी गई सिलेंडर की कॉपी।

### शिविर में लाभपात्रों को किया जा रहा लाभान्वित

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को चिह्नित करके उन्हें पीएम-स्वनिधि, हेल्थ कैंप, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेट, पीएम-उज्ज्वला योजना का ऑन स्पॉट लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा दवाओं का वितरण भी किया गया। स्टॉल लगाकर अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मोटा अनाज पर विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई गई और अधिक से अधिक मोटा अनाज उपजाने तथा प्रयोग में लाने का आह्वान किया गया। साथ ही ड्रोन के माध्यम से खेती की नई तकनीक बारे ग्रामीणों को डेमो भी दिखाया गया। इस मौके पर सरपंच सुदेश देवी, सरपंच सुनीता, बलिंद्र एबीपीओ, डा. जेके मान, मा. रामप्रसाद, कविता देवी, अजय, विजय मौजूद रही।




जींद। प्रतियोगिता की विजेता टीम प्रधानाचार्य के साथ। फोटो :हरिभूमि

### विज्ञान प्रदर्शनी में छाए मोतीलाल स्कूल के बच्चे

**जींद ।** ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की छात्राओं ने रोल प्ले में जीत हासिल की। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार के अनुसार यह जीत छात्रों की वैज्ञानिक ज्ञान को प्रभावी संचार कौशल के साथ मिश्रित करने की क्षमता पर जोर देती है, जिससे विज्ञान सभी के लिए सुलभ और मनोरंजक बन जाता है। उनके प्रदर्शन में वैज्ञानिक अवधारणाओं की गहरी समझ के साथ-साथ आकर्षक कहानी कहने की प्रतिभा भी प्रदर्शित हुई। विद्यालय की छात्रों द्वारा प्रिंस, परी और आशिमा द्वारा हासिल किया गया पहला स्थान वैज्ञानिक उत्कृष्टता की खोज में सहयोगात्मक शिक्षा और टीम वर्क के महत्व को रेखांकित करता है। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों को मेडल पहना कर सम्मानित किया और कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों के समर्पण, शिक्षकों के मार्गदर्शन और हमारे संस्थान में विकसित सहायक शिक्षण माहौल के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हैड काऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसी गतिविधियों में बच्चों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि बच्चों का चहुंमुखी विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय अध्यापिका पूजा हुड्डा, पूजा कौशिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** मंगलवार को जागरूकता टीम में शामिल पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार द्वारा चीका स्थित एवी विद्या मंदिर स्कूल व गांव आंधली में विद्यार्थियों व स्टाफ को तथा गांव सदरहेड़ी में आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

### शराब के सेवन संबंधी चेतना संगोष्ठी आयोजित

**पूंडरी।** डीएवी कालेज पूंडरी में शराब के सेवन से संबंधी चेतना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. विश्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शराब का सेवन करने से 200 से अधिक बिमारियां व्यक्ति के शरीर में पनपती है।

### कला उत्सव का 22 दिसंबर को

**कैथल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन 22 दिसंबर को ऑडिटोरियम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखौली अड्डा कैथल में आयोजित होगा।

### कार, मकान से सामान व गुरुद्वारा से नकदी चोरी

**कैथल।** अलग-अलग मामलों में चोर एक मकान के सामने से कार, निमार्णाधीन मकान से सामान व गुरुद्वारा के गुल्लक से नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में सेक्टर 19 निवासी महेंद्र ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 17 दिसंबर को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके मकान के सामने से उसकी कार हुई चोरी।

### खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**उचाना।** जीजीएसएसएस उचाना मंडी स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भावी वैज्ञानिकों ने रोचक मॉडल बनाए। सुखदीप जीएसएसएस लोधर ने पराली से विद्युत बनाकर एवं मुकुल आरोही स्कूल घासो लैंडमाइन डिटेक्टर बनाकर अव्वल रहे।

### समाज को नशा मुक्त करने की मुहिम

**जींद।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत रसीदां व जिला पुलिस के आपसी सहयोग से गांव रसीदां में युवाओं को नशे से बचाने के लिए दो दिवसीय क्रिकेट मैचों का आयोजन करवाया जा रहा है।

### बाइक चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी के एक मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एचसी बलजोर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पट्टी अफगान कैथल निवासी नवीन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 15 को सूचना के आधार पर खुराना रोड़ बाइपास कैथल के पास नाकाबंदी दौरान एक बीना नंबर की बाइक पर आए आरोपी खुराना रोड़ कैथल निवासी कर्ण व अनुज को काबु किया गया था।

### मेडिकल स्टोर संचालक से चौथ मांगने वाला काबू

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव फूलिया कलां में मेडिकल स्टोर संचालक को फोन पर धमकी देकर 25 लाख रुपये की चौथ मागने की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### महिला को यौन शोषण करने पर मामला दर्ज

**जींद।** महिला को झांसें में दे यौन शोषण करने तथा विरोध करने पर महिला को जातिसूचक गालियां देने पर महिला थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ यौन शोषण करने, एसी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के कृष्ण ने झांसे में दे उसके साथ पिछले साल मार्च माह में दुष्कर्म किया था।

---

### विभिन्न सरकारी योजनाओं का मौके पर ग्रामीणों को दिया लाभ

# गांव साकरा व धेरडू में संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

- गांव में अंत्योदय मेले लगाकर लोगों को काम धंधों के लिए ऋण मुहैया करवाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड



**कैथल।** धेरडू में बीजेपी प्रदेश महामंत्री वेदपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तथा विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव साकरा व धेरडू में आयोजित हुआ। सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोगों को जानकारी मुहैया कराई गई एवं गरीब एवं जरुरतमंद व्यक्ति को मौके पर ही लाभ दिया गया। गांव धेरडू में बीजेपी प्रदेश महामंत्री वेदपाल तथा गांव साकरा में पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने शिरकत की। बीजेपी प्रदेश महामंत्री वेदपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है कि आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जन कल्याण के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी व मौके पर सेवाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की धनराशि किसान सम्मान निधि के जरिए सीधा किसानों के खातों में डाली जा रही है। गांव में अंत्योदय मेले लगाकर लोगों को काम धंधों के लिए ऋण मुहैया करवाया जा रहा है, ताकि संबंधित व्यक्ति समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सके। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, जिसके कारण आज देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने में मदद कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व के मानचित्र पर चमकाने का काम किया है। अब भारत देश का डंका पूरे विश्व में गूंज रहा है। देश के हर वर्ग के व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ गरीब एवं जरुरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर काम कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने उज्जवला योजना के अंतर्गत लोगों को फ्री में गैस- सिलेंडर व चूल्हा वितरित किया, स्कूली बच्चों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल, सुभाष हजवाना, अनीता चौधरी, महेंद्र सिंह, डॉ. सतपाल साकरा, विनोद कुमार, अश्वनी शर्मा, जय सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद जरूरतमंद लोगों के लिए हो रहा है फायदेमंद सिद्धः कृष्ण कुमार



**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का दौरा करते हुए

**गुहला-चीका।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव सिंह और डंडौता में आयोजित किया गया। गांव सिंह में एसडीएम कृष्ण कुमार ने शिरकत करते हुए लाभार्थियों से रूबरू हुए और सभी को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम जरूरतमंद लोगों के लिए फायदेमंद सिद्ध हो रहा है। आमजन तक केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ-साथ जागरूकता वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी दिखाई जा रही हैं।

---



**कैथल।** स्कूल प्रांगण में हो रही पंचायत का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# स्कूल इंचार्ज और पंचायत में आंगनबाड़ी को लेकर विवाद

- पंचायत ने स्कूल इंचार्ज के खिलाफ शिकायत कर की तबादले की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

उपमंडल के गांव चाबा स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में स्कूल के इंचार्ज धर्मवीर व ग्राम पंचायत में स्कूल परिसर में स्थित एक आंगनबाड़ी के कमरे को लेकर विवाद शुरू हो गया है।जानकारी के अनुसार स्कूल परिसर में पिछले कुछ समय से एक आंगनबाड़ी केन्द्र चल रहाहै परंतु आरोप है कि स्कूल इंचार्ज आंगनबाड़ी को किन्हीं कारणों से खाली करवानाचाहता था परंतु आंगनबाड़ी के लिए तुरत फुरत कोई वैकल्पिक व्यवस्था न बनने से जबआंगनबाड़ी खाली नहीं हुई तो यह विवादास्पद मामला ग्राम पंचायत व सरकारी सीनियरसेकेंडरी स्कूल दाबा के प्रधानाचार्य के पास पहुंचा। जिस पर स्कूलपरिसर में एक पंचायत हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि जब तक आंगनबाड़ी को कोई नया भवन नहीं मिलता तो तब यह आंगनबाड़ी यहीं कार्य करतीरहेगी। परंतु उसके बाद कल सोमवार को जब रुटीन प्रक्रिया के तहत सभी कर्मचारी अपनीअपनी ड्यूटी पर पहुंचे तो स्कूल की आंगनबाड़ी को छूती हुई एक दीवार टूटी हुई दिखाई दी, जिस पर स्कूल इंचार्ज ने आंगनबाड़ी वर्कर व कुछ अन्य पर यह आरोप जड़ दिया कि उक्त कार्य उन्होंने किया है और पुलिस में उनके खिलाफ शिकायत दे दी।

#### शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी को भिजवा दी

सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाबा के प्राचार्य राजीव को बताया कि चाबा का उक्त प्राइमरी स्कूल उनके अधीन आता है और पंचायत ने जो उसके खिलाफ शिकायत उन्हें दी थी, वह उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को भिजवा दी है और वहां से जो भी आदेश आएगा, उसी के अनुरूप कार्रवाई कर दी जाएगी। उक्त मामले में चाबा स्कूल के आरोपी इंचार्ज से बार बार फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उसने फोन नहीं उठाया, जिसके चलते उनका वर्जन नहीं जाना जा सका।

---

# पूर्व विधायक ने खुला दरबार लगा सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** लोगों की समस्याएं सुनते हुए कुलवंत बाजीगर। फोटो : हरिभूमि

भाजपा केपूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने अपने निवास पर एक खुला दरबार लगाकर लोगों कीसमस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने बताया कि अधिकतर लोग बिजली, पानी,सड़क,पब्लिकहैल्थ व रोजमर्रा की कुछ अन्य समस्याएं लेकर पहुंचे थे, जिन्हें मौके परही हल करवा दिया गया। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं किसी तकनीकी कारणों से मौके परहल नहीं हो सकी, उनके लिए अधिकारियों को उन्हें जल्द हल करने के आदेश दिए गए। बाजीगरने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लोगों के घर द्वार पर ही समस्याएं सुनने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका लोग भारी संख्या में फायदा उठा रहे हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब हितैषी है और गरीबों के लिए सरकार ने खजाने का मुंहपूरी तरह से खोला हुआ है। बाजीगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वमुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का प्रयास है कि कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा ना सोए औरहर गरीब को रोटी, कपड़ा और मकान की सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार एक के बाद एकस्कीम ला रही है, जिसमें गरीबों के साथ साथ बेरोजगारों को रोजगार व किसानों की आयबढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# पुलिस व गांव की टीम के बीच खेला वॉलीबाल का मैच

- ग्रामीणों को नशा न करने का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** शुटिंग वॉलीबॉल खेलते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को नशा मुक्त हरियाणा मुहीम तहत गांव कुराड़ में डीएसपी ललित कुमार के नेतृत्व में कैथल पुलिस व गांव कुराड़ की टीमों मध्य एक शुटिंग वॉलीबॉल तथा रस्साकसी के मैच का आयोजन करवाया गया। जिसके तहत नशा ना करने का संदेश दिया गया। इस दौरान डीएसपी ललिल कुमार द्वारा ग्रामिणो को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान डीएसपी ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तथा नशा जैसी बुराई से हमें बचाता है। अगर आज युवा वर्ग का सबसे बडा शत्रु है तो वह नशा है। जिस प्रकार हम हर क्षेत्र में अपने शत्रु को मात देना चाहते है उसी प्रकार हमें इस नशे रुप जहरीली सांप को कुचल कर अपने करियर को बुलंदियों पर लाना होगा नहीं तो नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों का भी नाश कर देगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को चाहिए कि समय समय पर गांवों में खेलों की प्रतियोगिताएं करवाए ताकि बच्चे युवा वर्ग का ध्यान खेलों की तरफ हो। उन्होने युवा वर्ग से अपील की कि समाज व खुद के विकास के लिए नशे की जड़ को काटना पड़ेगा तभी जाकर हमारा समाज साफ सुथरा व स्वस्थ होगा। आमजन युवा वर्ग इस नशा रुपी जहरीली सांप को मिटाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। हर माता पिता को चाहिए कि अपने बच्चों का पढाई के साथ साथ खेलों की तरफ रुझान करे। डीएसपी ने नशे की खरीद फरोख्त करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि नशा तस्कर कहीं भी भाग ले लेकिन पुलिस की गिरफ्त से नहीं बच पाएंगे।

# रोजगार की तलाश में जान गंवा रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

- कहा : उजड़ रहे परिवार और बर्बाद होते लाखों युवा, हरियाणा की यही है दर्द भरी व्यथा



रणदीप सुरजेवाला

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला जी ने युवाओं को रोजगार न देने पर प्रदेश सरकार की कडी शब्दों में आलोचना की है। कैथल से एक जारी बयान में सुरजेवाला ने कहा कि रोजगार की तलाश में प्रदेश के लाखों युवा अपनी मातृभूमि छोड़ विदेश में मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि अपना सब कुछ बेचकर रोजगार की तलाश में विदेश गए खुराना रोड़ निवासी सचिन शर्मा की कनाडा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अपनी जमीन बेचकर 45 लाख रुपए खर्च करके रोजगार की तलाश में इटली जाने वाले गांव लौन के युवा विकास सिंह की लीबिया में एजेंटों ने कथित हत्या कर दी। इस तरह की न जाने संकड़ों वारदातें विदेशों में हरियाणा के युवाओं के साथ हो चुकी है, लेकिन हरियाणा की भाजपा जजपा सरकार मूकदर्शक व बेखबर है। अपनी पढ़ाई पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद पिछले 9 वर्षों से हरियाणा में युवाओं के लिए न रोजगार है और ना ही नौकरी। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले 9 सालों से हरियाणा की बेरोजगारी दर देश में सर्वोच्च है।

# जिला बार एसो. की कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

- सभी वकीलों को साथ लेकर चलेंगे : बलजिन्द्र मलिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन की नव नियुक्त कार्यकारिणी अपनी कार्यभार संभालते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन की नव नियुक्त कार्यकारिणी ने आज विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया है। इस उपलक्ष्य में आज बार रूम में दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक सैशन जज डा. गगनदीप कौर सिंह ने की। उनके साथ फैमिली जज देवेन्द्र सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार गर्ग, सिविल जज सीनियर डिविजन अनुदीप कौर भट्टी, सीजेएम दानिश गुप्ता, सिविल जज जूनियर डिविजन अनीता रानी, रेखा चौधरी, अश्वनी गुप्ता, जन उपयोगी अदालत के चेयरमैन भूपेन्द्र नाथ भी मौजूद थे। पुरानी कार्यकारिणी के प्रधान वेद प्रकाश ढुल ने नव गठित कार्यकारिणी के प्रधान बलजिन्द्र मलिक, उप प्रधान विनय गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन ठाकुर और कोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा को कार्यभार सौंपा। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जाने वाली कार्यकारिणी का चार्ज सौंपने पर आभार जताया।

इससे पूर्व वेद प्रकाश ढुल ने न्यायाधीशों और बलजिन्द्र मलिक की टीम का स्वागत किया। मंच का संचालन नए सचिव गौरव वधवा ने किया। अपने संबोधन में कार्यवाहक सैशन जज डा. गगनदीप कौर सिंह ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि वे पहले की तरह आने वाले पदाधिकारियों से साथ भी बेहतर तालमेल बना कर रखेंगे।

### भैंस चोरी मामले में 3 आरोपी पकड़े

**कैथल।** गांव थेह बुटाना से भैंस चोरी मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस के एचसी बजिन्द्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अगौंध निवासी प्रवीन, मांडी जिला जीन्द निवासी अकिंत व थेह बुटाना निवासी गुरविन्द्र को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थेह बुटाना निवासी गुरजंट सिंह की शिकायत अनुसार 14 दिसंबर 2023 की रात को उपरोक्त आरोपी उसके पशुबाडा से एक भैंस चोरी करके ले गए थे। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया था।

## सीएमओ ने दिलाई बेटी बचाने की शपथ

- बैठक में लिंगानुपात सुधारने को लेकर विचार विमर्श

**ढांड।** डॉ रेणु चावला, सिविल सर्जन कैथल की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढांड में लिंगानुपात सुधारने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौल के अन्तर्गत सबसे कम लिंगानुपात वाले सात गांवों (फरल, पबनावा, रावणहेरा, जंबा, मुन्नारहेड़ी, जीतगढ़, कौल) के सरपंच , आशा वर्कर, एएनएम उपस्थित हुए। मौके पर डॉ राहुल जिंदल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी , डॉ विकास सैनी दंतक सर्जन , डॉ गौरव पुनिया ज़िला नोडल अधिकारी मौजूद रहे। डॉ रेणु चावला ने बताया की अगर कोई अवैध रूप से लिंग जाँच करता है तो इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को देवे। इसके लिए कोई भी व्यक्ति सिविल सर्जन के मोबाइल नंबर 70150-76400 या डॉ गौरव पुनिया से 8930123430 पर संपर्क कर सकता है।

# नेटबाल चैम्पियनशिप गोड्डा में 21 दिसंबर से

- टीम हुई प्रतियोगिता के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



अशोक सहारण

29वीं सब जूनियर नेशनल नेटबाल चैम्पियनशिप व 2वी सब जूनियर नेशनल फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप लड़के व लड़कियां का 21 से 24 दिसंबर, 2023 व 24 से 27 दिसंबर 2023 को गांधी मैदान गोड्डा झारखंड में आयोजत होने जा रही है। कैथल नेटबाल एसोसिएशन के प्रधान अशोक सहारण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा नेटबाल एसोसिएशन की लड़के और लड़कियों टीमों का चयन कर लिया है और टीमों के खिलाड़ी मंगलवार को प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना हुए। ट्रेडिशनल नेटबॉल लड़कियों के वर्ग की टीम में मनीष (कप्तान) रोहतक, हिमांशु (उप कप्तान) सोनीपत,हर्ष सोनीपत, सुमित सोनीपत, देव रोहतक, बबलू रोहतक, नमन रोहतक, आर्यन सोनीपत, आर्यन सोनीपत, वंश रोहतक, यश रोहतक, वंश रोहतक व अतिरिक्त खिलाड़ी बादल सोनीपत, शिव कैथल, देव सोनीपत व टीम के कोच सुमित व मैनेजर केतन होंगे ट्रेडिशनल नेटबॉल लड़कियों के वर्ग में मानसी रोहतक (कप्तान), तमन्ना जींद (उपकप्तान)साक्षी झज्जर, किरण रोहतक, रिया सोनीपत, अचल रोहतक, मनाली सोनीपत, अंजलि रोहतक, राधिका रोहतक, तनु जींद, हर्षिता भारद्वाज, भाव्या लोहान जींद व अतिरिक्त खिलाड़ी सुष्मिता सोनीपत, पायल सोनीपत, माही झज्जर, व टीम के कोच मधु व टीम मैनेजर सोनी मांन होंगे फास्ट।

### 22 व 23 से विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाएगी प्रदर्शनी

# भाई उदय सिंह किला परिसर में होगा गीता महोत्सव

- शहर में संस्थाओं के सहयोग से निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय भाईय उदय सिंह किला परिसर में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं पूर्व की भांति अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। गीता जयंती महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मौके पर ही परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के साथ-साथ अन्य योजनाओं की स्कीमों को प्रदर्शित किया जाएगा। एडीसी सुशील कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों के संदर्भ में बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ हैफेड के चेयरमैन एवं समाजसेवी कैलाश भगत भी मौजूद रहे। एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि शहर में गीता जयंती महोत्सव में शानदार शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न विभागों की विकासात्मक व सामाजिक मुद्दों पर शामिल होंगी। यह यात्रा माता गेट से शुरू होकर सीवन गेट, डोगरा गेट, प्रताप गेट, चंदाना गेट, भगत सिंह, छात्रावास रोड, पुराना बस स्टैंड, पेहवा चौक होते हुए भाई उदय सिंह किला परिसर समारोह स्थल पर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि जिन-जिन विभागों को जो जिम्मेदारियां सौपी गई हैं, उन पर पूरी गंभीरता से समयबद्ध कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। हैफेड के चेयरमैन एवं समाजसेवी कैलाश भगत ने कहा कि इस तरह के महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में शहर की सभी संस्थाएं सदा ही अपना पूरा सहयोग देती रही है। इस बार भी जिला प्रशासन के साथ मिलकर विभिन्न संस्थाएं आगे आकर कार्य करेगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, बीरबल दलाल, दिनेश पाठक, सुषम कपूर, प्रदर्शन परूथी, सुभाष नारंग, सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, श्याम लाल कल्याण, शक्ति सौढ़ा, टेक चंद, राजू डोहर, राजकुमार मुखिजा, विक्की गोयल, अशोक बंसल, सोमदत्त कौशिक, सुभाष कथुरिया, सतपाल गुप्ता, सोनू वर्मा, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुनीता पत्नी श्री कृष्ण निवासी गांव उचाना कलां तहसील उचाना व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरी रजिस्टरी नं. 1071 दिनांक 30.05.2022 है। मेरी उक्त रजिस्टरी दिनांक 15.10.2023 को उचाना मण्डी में कहीं गुम हो गई है। मैंने काफी तलाश की परन्तु मेरी रजिस्टरी कहीं पर भी नहीं मिली है।

**खबर संक्षेप**

### वेदांता स्कूल में हार्मोनल चेंज पर हुआ सेमिनार

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में मंगलवार को कक्षा सातवीं से ग्यारहवीं तक की लड़कियों को हामार्न्स चेंज संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी व इससे संबंधित जरूरी टिप्स भी लड़कियों को प्रोजेक्टर पर वीडियो के माध्यम से दिए गए। रजोधर्म के दौरान किन-किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए ,इन सभी बातों से छात्राओं को अवगत कराया।

### वंचित लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**सफीदों।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को उपमंडल के गांव हाट में पहुंची। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा, भाजपा कोर कमेटी के सदस्य जसमेर रजाना ने शिरकत की। ग्रामीणों ने यात्रा व अतिथियों का स्वागत किया।

### हर गांव में होंगे युवा सम्मेलन का आयोजन : सज्जन सिंह

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भतीजे सज्जन सिंह ने कहा कि हलके के प्रत्येक गांव में युवा सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। मुख्य वक्ता भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह हिस्सा लेंगे। सभी गांव में युवा सम्मेलन के बाद हलकास्तर पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### अध्यापकों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

**कैथल।** जिला के सैकड़ों गेस्ट टीचरों ने सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा गेस्ट टीचरों को घर घर जाकर बिना वजह के रात को घर से उठाकर पुलिस स्टेशन में ले जाकर 20 से 25 घंटों तक बंदी बनाये जाने और पुलिस द्वारा चंडीगढ़ विधानसभा में गेस्ट टीचरों द्वारा अपनी नियमित करने की मांग के लिए हजारों गेस्ट टीचरों को रास्ते गिरफ्तार करके बसों में भरकर दूर दराज छोड़ने के विरोध में गेस्ट टीचरों ने प्रदर्शन किया।

### सायना ने हैमरथ्रो में गोल्ड मेडल पर किया कब्जा

**सफीदों।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंघाना की छात्रा सायना ने हैमरथ्रो में गोल्ड मेडल प्राप्त करके सफीदों ही नहीं बल्कि पूरे जींद जिले का नाम रोशन किया है। रायल एकेडमी पांडु पिंडारा (जींद) द्वारा आयोजित ओपन एथैलिटकस टुर्नामेंट में सायना ने हैमरथ्रो प्रतियोगिता में भाग लेकर 36 मीटर है हैमरथ्रो फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

### विधानसभा में उठाया बहु मंजिला पार्किंग का मुद्दा

**कैथल।** विधायक लीलाराम ने विधानसभा में भाई उदय सिंह किले के पास बहुमंजिला पार्किंग बनाने का मुद्दा जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि कैथल में अगर तीन मंजिला पार्किंग बनाई जाए तो शहर में दिनभर लगाने वाले जाम से निजात मिल सकती है। हमारे पास भाई उदय सिंह किले के पास नगर परिषद की 1200 वर्ग गज जगह खाल पड़ी है जिसमें तीन मंजिला पार्किंग बन सकती है।

## दुकानों के बाहर सामान रखने पर कार्रवाई की चेतावनी

# परिषद ने रेलवे रोड पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रेहड़ी तथा फड़ीवालों की लिमिट की निर्धारित, पालना न होने पर होगी कार्रवाई, खुले में कूडा डालना व पॉलीथिन का प्रयोग नहीं बर्दाश्त**





जींद। सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को फटकार लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद अमले ने मंगलवार शाम को पटियाला चौके से रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। दुकानों के बाहर रखे समान को अदर रखवाया। सड़क के दोनों ओर खड़ी रेहडियों तथा फडियों की भी लिमिट निर्धारित की। अमले ने दुकानदारों को खुले में कूडा न डालने तथा पॉलीथिन प्रयोग ना करने की नसीहत देते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। अमले की कार्रवाई के बाद रेलवे रोड काफी खुला नजर आया। पटियाला चौक के रेलवे रोड पर दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ था। शाम को तो ये हालात होते थे कि यहां पर पैदल निकलना भी मुश्किल होता था। जिसके चलते हादसा होने का खतरा भी बना रहता था। नप अमले पालीथिन तथा सफाई को लेकर दस्तक दी तो वहा के अतिक्रमण के हालात भी देखे थे। जिसके चलते मंगलवार शाम को अमले ने फिर से दस्तक देकर अतिक्रमण को हटवाया।मंगलवार शाम चीफ सैनेट्री इंसपैक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में अमले ने दस्तक रेलवे रोड पर दस्तक दी। सडक पर दुकानदारों ने समान बाहर सड़क पर रखा हुआ था। दुकानों के बाहर रेहड़ी तथा फड़ी लगी हुई थी। जिस पर टीम ने दुकानदारों को समान अदर रखने के लिए कहा।

**कूड़ा खुले में डालने की मनाही**

*चीफ सेनेट्री इंसपेक्टर अनिल तथा उनकी टीम ने दुकानदारों तथा रेहड़ी तथा फड़ी वालों को खुले में कूडा ना डालने के लिए समझाया साथ पालीथिन का प्रयोग न करने की नसीहत भी दी। खुले मे कूडा डालने तथा पालीथिन का प्रयोग मिलने पर कडी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। साथ अमले ने पांच कूडा प्वायंटों को भी बंद कर दिया। उन्होंने निर्धारित स्थानों पर कूडा डालने या फिर गाड़ी में कूडा डालने की अपील भी आमजन से की।*

**अतिक्रमणमुक्त रखें**

*नप के चीफ सेनेट्री इंसपेक्टर अनिल ने कुमार ने बताया कि रेलवे रोड से अतिक्रमण को हटाया गया है। रेहड़ी तथा फडों की लिमिट तय की गई है। खुले में कोई कूडा नहीं डालेगा तथा पालीथिन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। ना तो अतिक्रमण बदार्शत होगा और ना खुले में कूडा डालना तथा पॉलीथिन का प्रयोग होना। अगर कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहर को स्वच्छ रखना ओर अतिक्रमण मुक्त रखना सभी जिम्मेवारी है।*



जींद। मलिक को उसका सामान सौंपते हुए बस चालक व परिचालक।

## रोडवेज कर्मियों ने गहने लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

ईमानदारी अभी जिंदा है जिसको चरितार्थ किया है। जिसका जिंदा जागता उदाहरण चंडीगढ़ डिपो में कार्यरत परिचालक सी.16 व चालक मदन डी. 329 ने पेश किया। परिचालक प्रवीण कार्यरत डिपो चंडीगढ़ ने बताया कि वे चंडीगढ़ से हिसार रूट वाली बस पर थे तो किसी यात्री की बैग बस में छूट गया। उन्होंने बताया कि वो 18.12.2023 की शाम को ड्यूटी समाप्त करके बस को वर्कशॉप में खड़ी करते समय उनकी नजर बस में पड़ी बैग पर पड़ी जब उन्होंने बैग खोलकर देखा तो उस में लाखों रुपए सोने चांदी के गहने मिले। परिचालक ने बैग तलाशी में मोबाइल नंबर मिला। और उस बैग में मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जिसमें उससे बस स्टैंड पर आकर जरूरी गहने ले जाने को कहा। बस स्टैंड पर पहुंचने पर उस यात्री नरवाना निवासी दीपक ने बताया में चालक मदन व परिचालक प्रवीण की इमानदारी के लाखों रुपए सोने चांदी के गहने उन्हें दोबारा मिल सके। रोड़वेज कर्मचारियों ने फोन कर उसे बस स्टैंड बुलाया और उसे गहने को लौटाया । यात्री दीपक ने बताया कि लाखों रुपए के गहने गुम होने से वह काफी परेशान हुआ । काफी कोशिश करने के बावजूद भी बैग नहीं मिला था। लेकिन आज भी ईमानदारी जिंदा है जो रोडवेज कर्मचारी प्रवीण ने फोन पर बताया कि उसका बैग व ‘वेलरी बस में रह गए हैं।

### परशुराम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभांरभ



**नरवाना।** मंगलवार को नरवाना के भगवान परशुराम मंदिर में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभांरभ हुआ। इस सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शांडिल्य परिवार की और से करवाया जा रहा है। जिससे पहले सुबह करीब 10 बजे महिलाओं द्वारा क्लश यात्रा निकाली गई जो बाबा गैबी साहब मंदिर से भगवान परशुराम मंदिर तक महिलाएं ने क्लश उठाकर भागवत कथा स्थल तक पहुंची। उसके बाद आरती वंदना कथा वाचक डॉ नरेश चंद्र शास्त्री बृजवासी छोटे भैया द्वारा किया गया। जिन्होंने अपनी मधुर वाणी द्वारा श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर शांडिल्य परिवार ने सभी शहरवासियों कथा में आकर पुण्य का भागी बनने का न्योता दिया और उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की भाग दौड भरी जिंदगी में कुछ वक्त भक्ति में लगाकर अपने मन को शांत करें।

## किसान खेत मजदूरों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



ढांड। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन नारेबाजी कर रोष जताते हुए

गांव पबनावा में राष्ट्रपति को भेजे जाने वाले ज्ञापन पर आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिला कमेटी सदस्य कामरेड संजू ने ने अभियान के दौरान कहा कि देश में किये जा रहे तीव्र शोषण और एक के बाद एक आई सरकारों के घोर जनविरोधी कदमों के कारण जीवनयापन करना किसी भी तरह से असंभव सा हो गया है। इन हालात में देश के मेहनतकशों की ओर से हम मांग करते हैं कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार निम्नलिखित मांगों को अविलंब पूरा करें। महंगाई पर रोक लगाओ, आवश्यक वस्तुओं में संपूर्ण राज्य व्यापार लागू करें, सार्वजनिक राशन प्रणाली के जरिये सभी खाद्य सामग्री सस्ती दरों पर उपलब्ध करायें, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अविलंब वापस लो व शिक्षा के निजीकरण, व्यवसायीकरण और भगवाकरण पर रोक लगाओ, सभी को स्थाई नौकरी दो, नौकरी नहीं,तब तक जीवनयापन दर पर बेरोजगारी भत्ता दो, सरकार सबको मुफ्त इलाज उपलब्ध करवाये व स्वास्थ्य के निजीकरण पर रोक लगाओ, जनविरोधी एकाधिकार परस्त बिजली बिल 2022 रद्द करो, स्मार्ट मीटर लगाना बंद करो, जनवादी और नागरिक अधिकारों की रक्षा करो, सभी काले कानून रद्द करो। महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार पर रोक लगाओ, बेतहाशा छंटनी और तालाबंदी पर रोक लगाओ सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी उद्यमों का निजीकरण बंद करो, आंगनबाड़ी,आशा और मिड डे मील कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो, सभी कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानून बनाओ, सी2+50 प्रतिशत फामूर्ला के आधार पर लागत से डेढ़ गुना दामों पर सरकार किसानों से खरीद करें।

### तारांवाली गांव के खिलाड़ी हर्श सिंह का कुवि में हुआ चयन

**गुहला-चीका।** गुहला उपमंडल के गांवतारांवाली के आर. श्री के खिलाड़ी हर्शप्रीत सिंह की कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालयमें आल इंडिया स्तर पर तीरंदाजी में नियुक्ति हुई है, जो कि शिरोमणिअकाली दल अमृतसर पावर लिफिटिंग एकेडमी गुहला में प्रशिक्षण ले रहा है और साथ मेंआर श्री कोच सचिन के पास प्रेक्टिस करता है। इस सम्बन्ध में शिरोमणि अकाली दल अमृतसर पावर लिफिटिंग एकेडमीगुहला के कोच खजान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त एकेडमी में सभीखिलाडियों को फ्री में ट्रेनिंग दी जाती है व युवाओं को नशे व बुराइयों से दूररहने के लिए समय समय पर खेलों से जोड़ा जाता है। कोच खजान सिंह ने हर्शदीप की नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी है।





### खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए आधुनिक मॉडल

*सफीदों। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बीईओ शमशेर सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने माडलों, रोल प्ले व पोस्टर मेकिंग के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत करवाया। प्रतियोगिता में स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, ट्रांसपोर्ट व सूचनाओं आदान-प्रदान विषयों पर बच्चों ने अपने-अपने विचार व मॉडल प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के 9 से 12 वर्ग में सृष्टि, प्रत्यक्ष, आदित्य, पूनम व लक्ष्य ने स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट स्थान पर आए बच्चों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में हम चाहते हुए भी विज्ञान को अपने जीवन से निकल नहीं सकते। यदि विज्ञान के बिना दुनिया की कल्पना करें तो हमें एक गहरा शून्य ही दिखाई देता है। विज्ञान ने हमारे जीवन के हर एक क्षेत्र में आमूल-चुल परिवर्तन लाये हैं और विज्ञान ने हमारे जीवन को सरल बनाया है। इस मौके पर प्राचार्य योगेंद्रपाल सिंह, प्राचार्य बलजीत सिंह व नोडल अधिकारी देवेंद्र सिंह मौजूद थे।*

## राज्य में महिलाएं व व्यापारी असुरक्षित

- आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा पहुंची नरवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. अशोक तंवर।

आप चुनाव प्रचार समिति के प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ रहा है। न महिलाएं, न व्यापारी सुरक्षित हैं। भाजपा के राज में हरियाणा आज पूरे देश में दूसरा सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। रेप की घटनाओं में भी हरियाणा दूसरे नंबर पर है, एक दिन में रेप 5.6 घटनाएं होती है जोकि एक साल में 1716 रेप केस हुए हैं। किडनैपिंग में तीसरे नंबर पर है। एक साल में 3724 केस हुए हैं। आज हरियाणा में यूपी से भी अढाई गुणा ‘यादा आपराधिक घटनाएं हो रही हैं।

आप चुनाव प्रचार समिति के प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक तंवर मंगलवार को नरवाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वो आप पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा के पांचवें दिन नरवाना पहुंचे। उन्होंने कहा कि आने वाल समय आम आदमी का होगा। क्योंकि प्रदेश का हर युवक अपने आपको बदलाव यात्रा से जोड़कर देख रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री तक आराधिक घटनाओं में लिप्त हैं लेकिन उनपर कोई कार्रवाई नहीं होती। आप पार्टी कानून व्यवस्था से लेकर आम जन की लड़ाई मजबूती से लड़ना चाहती है। इसलिए बदलाव की जरुरत है। आम आदमी पार्टी शिक्षा के दम पर देश को आगे बढ़ाना चाहती है, केवल बोलने से भारत विकसित नहीं बनता है। भाजपा अपनी यात्रा में जबरदस्ती स्कूलों के बच्चों, प्रशासन और सरपंचों को शामिल कर रही है, वो विकसित भारत यात्रा नहीं जबरदस्ती यात्रा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बुनियादी मुद्दे उठाती है, जिससे प्रदेश की जनता को लाभ मिले।



### जब तक मांगें पूरी नहीं होती, पार्षदों का धरना जारी रहेगा : कैलाश सिंगला

*नरवाना। नगर परिषद कार्यालय परिसर में मंगलवार को पांचवे दिन पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला की अध्यक्षता में दस पार्षद फिर धरने पर मौजूद रहे। धरने की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान ने कहा कि जब तक पार्षदों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। किसी भी बहकावे व लालच में आकर धरने को समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में अनियमितताओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षदों ने भी कहा कि अब शहर की जनता जाग चुकी है। शहर की जनता ने इस उम्मीद के साथ प्रधान को बनाया था कि शहर में अच्छे विकास कार्य होंगे लेकिन किसी भी कार्य की कोई उम्मीद नहीं जगी। धरने पर बैठे पार्षदों में पार्षद डा संजय पार्षद गर्ग, आशुतोष शर्मा पार्षद, बलजीत उर्फ नन्हा चोपड़ा, दिनेश गर्ग, गौरव सेतिया व पार्षद प्रतिनिधि चरण सिंह चोपड़ा, विनोद राइका, मा सुशील गोयल, सोनू चौहान ने बताया कि साल 2021 में करोड़ों रूपए के विकास कार्य के टेंडर लगे थे। इस टेंडर प्रक्रिया के बाद अपूवल भी मिल गई थी। इतना ही नहीं सरकार से इसको लेकर लेकर ग्रांट भी आ चुकी थी लेकिन उसके बाद भी अपने लालच के चक्कर में उन विकास कायोंर् के टेंडर को रद्द करवाया गया और दोबारा वह टेंडर लगाने को लेकर कोई प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बताया कि आखिर नगर परिषद में अधिकारी व कर्मचारी टेंडर को लेकर इतना भेदभाव क्यो किए हुए हैं।*

## जिले के मरीजों को अब एक्स-रे के लिए नहीं खाने पड़ेंगे बाहर के धक्के

- जिले के अस्पतालों को मिले सात रेडियोग्राफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



जिलावासियों के लिए राहत भरी खबर है। स्वास्थ्य विभाग जिला कैथल के अस्पतालों में सरकार द्वारा सात रेडियोग्राफर की नियुक्ति की गई है। इन सभी रेडियोग्राफरों ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इनमें से जिला नागरिक अस्पताल में तीन और चार जिले के विभिन्न सामुदायिक केंद्रों में भेजे गए हैं। उनकी नियुक्ति के बाद अस्पताल में एक्स-रे में होने की समस्या का समाधान होगा। इसके साथ ही जिले के चारों खंडों में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गांव में ही एक्स-रे की सुविधा मिल पाएगी। यह रेडियोग्राफर जिले के कलायत, गुहला, राजोद और पुंडरी में लगाए गए हैं। जिला नागरिक अस्पताल में एक्स-रे के लिए होने वाली भीड़ अब कम होगी। बता दें कि जिले में कहीं सामुदायिक केदो में एक्स-रे की मशीन तो थी लेकिन यहां पर रेडियोग्राफर की नियुक्ति न होने के चलते जनता को एक्स-रे की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। अस्पताल में पहले एकमात्र रेडियोग्राफर की कार्यरत था यह भी स्थाई नहीं था। इस कारण इस पर काम का दबाव अधिक था। ऐसे में लोगों को आपातकालीन स्थिति में एक-रे की सुविधा नहीं मिल पाती थी अब साथ में तीन रेडियोग्राफर जिला नागरिक अस्पताल कैथल में नियुक्त किए गए हैं।

**रेडियोग्राफरों ने कार्यभार संभाला**

सिविल सर्जन डॉक्टर रेनू चावला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल के लिए साथ रेडियोग्राफर मिले हैं। इन सभी रेडियोग्राफर ने अपना कार्यग्रहण कर लिया है। अब कलायत खुला राजोद और पुंडरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी लोगों को एक-रे की सुविधा मिलने लगी है।

## एडीसी ने ली प्ले स्कूल में दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को लेकर बैठक

- प्ले स्कूलों में बच्चों को सभी सुविधाएं करवाई जाएं उपलबध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक को संबोधित करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने मंगलवार को अपने कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की जिला के प्ले स्कूल में दी जाने वाली वाले मूलभूत सुविधाओं की रिव्यू बैठक ली।

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्रो को अपग्रेड करके प्ले स्कूल बनाया गया है उन सब में बिजली, पानी, आरओ, बिल्डिंग, किचन, शौचालय की मुरम्मत को पूरा करवाने के अधूरे पड़े कार्य को अतिशीघ्र पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांवों में सभी केंद्रों पर पानी की टंकी रखकर उसपर आर ओ लगवाने के कार्य को प्राथमिकता के तौर पर लेकर पूरा करवाएं ताकि प्ले स्कूल में आने वाले बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बिजली विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी सेंटर में अभी तक बिजली की आपूर्ति रह गई है तो उसमें तुरंत कनैक्शन करें और प्रत्येक सैंटर में स्वच्छ पानी की टंकी के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस बारे जो भी कार्य पंचायत की तरफ से करवाया जाना है वो भी तुरंत करवाया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना कुंडू को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आदेश दें कि वह गांवों में ऐसी सरकारी इमारत जो प्रयोग में नहीं लाई जा रही है, उसको चिन्हित कर विभाग को सूचित करें ताकि उन सरकारी इमारतों को प्रयोग में लाकर बच्चों के लिए प्ले स्कूल बनाया जा सके। उन्होंने पंचायती राज अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्ले स्कूलों की मरम्मत का कार्य पूरा करें।